2020/00239

फर्द अहकाम
(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट

श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री वेलाराम
निवासी 315 आनन्द नगर सरदार समन्द रोड़
जिला पाली।

सरकार बनाम लोक सूचना अधिकारी
जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 41 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
10.08.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. सिरोही को दिनॉक 17.10.2019 को एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उसके पुत्र रूद्राक्ष भटनागर एवं पुत्री रिदिक्षा जो मॉडर्न डिफेंस स्कूल शिवगंज में कक्षा 5 व कक्षा 2 में अध्ययनरत् हैं, के प्रवेश हेतु दिए गए आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेज शपथ पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपी से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– लोक सूचना अधिकारी को जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. सिरोही को दिनॉक 17.10.2019 को एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उसके पुत्र रूद्राक्ष भटनागर एवं पुत्री रिदिक्षा जो मॉडर्न डिफेंस स्कूल शिवगंज में कक्षा 5 व कक्षा 2 में अध्ययनरत् हैं, के प्रवेश हेतु दिए गए आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेज शपथ पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपी से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शिक्षा) सिरोही के अपील अधिकारी जिला कलक्टर नही है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती हैं । अपीलांट चाहे तो सक्षम अधिकारी को अपील करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	288-89 13/8/20

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:47:59 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner